## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुर्घटना में मृत्यु पर पिता को अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** ग्राम-जोरापाली जिला-रायगढ़ निवासी धर्मेन्द्र डनसेना की 10 जनवरी 2020 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर एसडीएम रायगढ़ द्वारा मृतक के पिता अरूण डनसेना को 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 3 अक्टूबर को

**रायगढ़।** संघ/राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा वर्ष 2021-22 का आयोजन 3 अक्टूबर 2021 रविवार को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.वि.चक्रधर नगर रायगढ़ में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले पात्र अभ्यर्थी सहायक आयुक्त कार्यालय आदिवासी विकास रायगढ़ में उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। प्रवेश पत्र में चिपकाने हेतु आवेदक अपने साथ एक पासपोर्ट फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आए।

### जिले में 913.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 23 सितम्बर तक 913.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 941.2 मिली मीटर, पुसौर में 1077.4, खरसिया में 833.4, सारंगढ़ में 993.9, बरमकेला में 785.2, घरघोड़ा में 891.8, तमनार में 819.6, लैलूंगा में 923.2, धरमजयगढ़ में 996.9, सरिया में 777.1 तथा छाल तहसील में 1012.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### नारायणपुर में नक्सलियों ने की सुपरवाइजर की हत्या

**नारायणपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना से सात किमी दूर मढोनार में गुरुवार की दोपहर नक्सलियों ने पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) के तहत पुलिया निर्माण में लगे मजदूरों के साथ मारपीट करने के बाद सुपरवाइजर की हत्या कर दी है। इस दौरान नक्सलियों के द्वारा एक जेसीबी दो ट्रैक्टर और सुपरवाइजर की एक बाइक को आग के हवाले कर दिया है। दिनदहाड़े हुई घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। एसपी यू उदय किरण से मिली जानकारी के अनुसार सुपरवाइजर संदीप की नक्सलियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वही निर्माण कार्य में लगे वाहनों को आग के हवाले किया है। उन्होंने बताया घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक घटना को अंजाम देने के लिए करीब तीन दर्जन हथियारबंद महिला एवं पुरुष नक्सली घटना स्थल पहुंचे थे। पुलिया निर्माण में लगे मजदूरों को निर्माण कार्य बंद करने की धमकी देकर सुपरवाइजर की हत्या कर दी। घटना के बाद नक्सलियों के द्वारा ग्रामीणों को निर्माण कार्य से दूरी बनाने की चेतावनी दी है। नक्सलियों के द्वारा पर्चा फेंका गया है।

### स्कूल में सर्प का रेस्क्यू

**कोरबा (आरएनएस)।** गांव के सरकारी स्कूल में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक कर्मचारी ने परिसर के कोने में एक सांप को देखा। कर्मी व उसके बाद प्राचार्य ने अपनी ओर से उसे पहचानने का काफी प्रयास किया। असफल रहे तो प्राचार्य ने टीम आरसीआरएस के सर्पमित्रों को सूचित किया। टीम ने स्कूल पहुंचकर सर्प को रेस्क्यू किया और बताया कि वह एक फोरेस्टन कैट आइ थाए जो धूप से आकर्षित होकर परिसर में आकर बैठ गया होगा। यह सर्प जिला मुख्यालय से महज 23 किलोमीटर दूर ग्राम चुइया के शासकीय स्कूल में सुबह करीब 10ण्30 बजे देखा गया। स्कूल के प्राचार्य ने बिना देर किए आरसीआरएस प्रमुख व साइंस क्लब के ज्वाइंट सेक्रेटरीए सर्पमित्र अविनाश यादव को इसकी सूचना दी। अविनाश ने अपनी टीम के सर्पमित्र अविनाश यादव के टीम के सदस्य सागर साहू व रघुराज ने किया रेस्क्यू के लिए चुइया भेजा। दूर होने के बावजूद सर्पमित्र करीब पौन घंटे में उस स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने देखा तो पता चला कि वह एक फोरेस्टन कैट आई सांप था जोए एक जगह शांति से बैठा हुआ था। सर्पमित्र सागर साहू ने बताया कि इसे स्थानीय भाषा में चिंगराज सर्प भी कहा जाता है। सर्प को रेस्क्यू करने के बाद स्कूल प्रबंधन ने राहत की सांस लीए जिसके बाद सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया

# कुपोषण की दर और नीचे लाने अगले 6 माह के लिए बनाए कार्ययोजना-कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने ली महिला बाल विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक**



**रायगढ़।** वजन त्यौहार से चिन्हांकित कुपोषित बच्चों की जानकारी को बेसलाईन लेते हुए उन्हें कुपोषण मुक्त करने आगामी 6 महीने की कार्ययोजना तैयार करें। जिसके आधार पर चिन्हांकित एक-एक बच्चे की सेहत पर ध्यान दिया जा सके। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने महिला बाल विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में कही।

कलेक्ट्रेट सृजन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर सिंह ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिले में पिछले एक साल के दौरान कुपोषण दर में 9 फीसदी से ज्यादा की कमी आयी है। अगले 6 माह में हमें इसे और नीचे लेकर जाना है। जिससे जिले में कुपोषण दर न्यूनतम हो सके। इसके लिए उन्होंने विस्तृत कार्ययोजना के साथ काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट आहार उपलब्ध कराने की उन्होंने समीक्षा की। कुछ जगहों पर रेडी टू ईट तैयार करने वाले महिला समूहों द्वारा काम ठीक ढंग से नहीं करने की बातें पर्यवेक्षकों ने बतायी। इस प्रकार कलेक्टर सिंह ने रेडी टू ईट बनाने वाले तमाम ऐसे समूह जो कार्य में लापरवाही कर रहे है उन्हें बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने इसके साथ ही राज्य स्तरीय टीम द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण प्रतिवेदन पर चर्चा की। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में खाद्य पदार्थों की उचित रख-रखाव के साथ सभी जानकारी नियमित रूप से पंजियों में संधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में उद्यानिकी विभाग को पोषण बाड़ियों से लिंक्ड आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। कोविड टीकाकरण में महिला बाल विकास विभाग की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कलेक्टर सिंह ने कहा कि एक टीम के रूप में कोविड वैक्सीनेशन के लक्ष्य को हासिल करने में विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है।

बैठक में महिला बाल विकास अधिकारी टी.के. जाटवर, सीएमएचओ डॉ.एस.एन. केशरी, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य, सभी सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाईजर, कार्यकर्ता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एनआरसी के मेनू में रागी के बने आईटम होंगे शामिल** - कलेक्टर सिंह ने जिले के एनआरसी केन्द्रवार बच्चों के लाभान्वित होने की समीक्षा की। उन्होंने केन्द्रों में उपलब्ध बेड की संख्या के अनुसार बच्चों को नियमित रूप से भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनआरसी के बेड खाली नहीं रहने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एनआरसी केन्द्रों के मेनू में रागी के बने ब्रेड व अन्य आईटम्स शामिल करने के निर्देश दिए। जिससे बच्चों की सेहत में जल्द सुधार हो।

**बाल संदर्भ शिविर के नियमित आयोजन के निर्देश** - जिले में सुपोषण अभियान की सेक्टर वार समीक्षा के दौरान यह बात सामने आयी कि स्वास्थ्य जांच हेतु आयोजित होने वाले बाल संदर्भ शिविर से कुपोषित बच्चों को काफी फायदा मिल रहा है। कलेक्टर सिंह ने सीएमएचओ को सभी चिन्हांकित जगहों पर नियमित रूप से बाल संदर्भ शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुछ सेक्टर व आंगनबाड़ी केन्द्रों से वहां आयोजित होने वाले शिविर की दूरी अधिक होने पर उस सेक्टर में केन्द्रों के समीप शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से बच्चों की जांच करवाने की बात भी कही।

**25 घरों में जाकर करना होगा गृह भेंट**- कलेक्टर सिंह ने पर्यवेक्षकों व कार्यकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले गृह भेंट की जानकारी ली। कुछ जगहों पर लक्ष्य के अनुसार गृह भेंट नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जतायी और सभी को माह में न्यूनतम 25 गृह भेंट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्ति में उचित पोषण के साथ सही जीवन शैली का पालन बेहद जरूरी है। गृह भेंट के माध्यम से पालकों से सतत् संपर्क बना रहता है और कुपोषित बच्चों की मॉनिटरिंग भी अच्छे से की जा सकती है।

## मौहाढोंढा स्कूल के जर्जर कक्षों का नहीं होता उपयोग-जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य

**» अच्छी स्थिति वाले दूसरे कक्षों में सुचारू रूप से जारी है अध्यापन**

**रायगढ़।** दरारों से भरी दीवारें और छत से गिरते प्लास्टर से 42 स्टूडेंट को खतरा संबंधित खबर समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। इस संदर्भ में जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य ने बताया कि विद्यालय की वास्तविक स्थिति की जांच शिक्षा विभाग रायगढ़ द्वारा कराई गई। उक्त विद्यालय की जांच सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सीएससी, प्रधान पाठक से करवाई गई। जांच उपरांत प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार शासकीय माध्यमिक शाला में दो कमरे एवं एक बरामदा है, जिसमें 40 बच्चे व शासकीय प्राथमिक शाला में दो कमरे एवं एक बरामदा है जिसमें 42 बच्चे अध्ययनरत हैं। भाग्यलक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन माध्यमिक शाला भवन में प्राथमिक और माध्यमिक, दोनों के लिए एक साथ बनाए जाते हैं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो इस हेतु स्कूल में अति जर्जर हो चुके कमरों को बंद कर दिया गया है, जहां बच्चों को अध्यापन कार्य नहीं कराया जाता है। जिन कमरों में विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराया जाता है उन कमरों की स्थिति अध्यापन के लिए बहुत अच्छी है तथा शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला मौहाढोंढा में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।

## कांग्रेसी नेता और उसकी पत्नी की हुई निर्मम हत्या

**» इलॉके में दहशत,डॉग स्क्वॅड और पुलिस की टीम जांच में जुटी**

**» लूट की नियत से हत्या की आशंका**




**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता कारोबारी मदन मित्तल की हत्या की खबर प्रकाश में आई है। मदन के साथ ही उनकी पत्नी अंजू देवी का भी शव उनके घर से ही गुरुवार की सुबह बरामद किया गया है. बताया जा रहा है कि लूट के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है. बड़े कारोबारी की हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौके पर तैनात कर दिए गए हैं। लैलूंगा थाने के टीआई भी मौके पर ही हैं। इनके अलावा एसपी समेत अन्य बड़े अधिकारी घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक मदन मित्तल कांग्रेस जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष थे. जिले में कांग्रेस संगठन में इनकी पकड़ मजबूत मानी जाती रही है. स्थानीय विधायक समेत अन्य बड़े नेताओं के करीबी भी माने जाते हैं।

बताया जा रहा है कि लैलूंगा में इनकी खुद की राईस मिल समेत अन्य भी कारोबार है। पुलिस ने शव को बरामद कर फोरेंसिक टीम को बुलाया है. शुरुआती जांच में गला दबाकर हत्या को अंजाम देने की बात कही जा रही है। फारेंसिक टीम के साथ डॉग स्कॉड को भी मौके पर बुलाया गया है।

कारोबारी और कांग्रेसी नेता की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## 30 सितंबर को आयोजित होने वाले प्रौढ़ शिक्षार्थी महापरीक्षा अभियान की तैयारी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बैठक



**रायगढ़।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा पढ़ना लिखना अभियान के तहत प्रौढ़ शिक्षार्थियों हेतु महापरीक्षा अभियान 30 सितंबर 2021 को आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के ढाई लाख लोगों को साक्षर बनाना, 25000 स्वयंसेवी शिक्षक के माध्यम से शिक्षार्थियों को अध्ययन-अध्यापन, कोरोना महामारी के चलते मोहल्ला साक्षरता केंद्र में पठन-पाठन, आखर झांसी प्रवेशिका का 120 घंटे का अध्ययन है।

जिले में 30 सितंबर को आयोजित होने वाले प्रौढ़ शिक्षार्थी के आकलन हेतु महापरीक्षा अभियान के सुचारू क्रियान्वयन एवं पूर्व तैयारी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर डीएमसी रमेश देवांगन, प्रौढ़ साक्षरता अधिकारी डी.के वर्मा, साक्षरता विभाग से संबंधित अधिकारी एवं जिले के सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त महा परीक्षा अभियान में सहायक विकास शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 10073 प्रौढ़ असाक्षर लोगों का पंजीयन किया गया था। पढ़ना-लिखना अभियान के तहत बुनियादी साक्षरता आकलन में साक्षरता कौशल के मानकों का आकलन किया जाना है। महापरीक्षा अभियान और शिक्षार्थी के आकलन हेतु महापरीक्षा अभियान में नोडल अधिकारियों, श्रोत व्यक्ति, ग्राम वार्ड प्रभारी एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जिसमें नोडल अधिकारी ग्राम वार्ड के प्रभारियों, संकुल समन्वयक की बैठक लेकर उन्हें महापरीक्षा के आयोजन के संबंध पर बिन्दुवार सभी आवश्यक तैयारी कराते हुए परीक्षा की तिथि, स्थल और समय के बारे में वॉल राइटिंग, परीक्षा केन्द्रों का चयन व भ्रमण, आखर छापी की पढ़ाई पूर्ण कर चुके शिक्षार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीयन तथा कंप्यूटरीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं श्रोत व्यक्ति नोडल अधिकारियों के साथ मिलकर तैयारी में सहयोग प्रदान करेंगे, साथ ही स्वयंसेवी शिक्षक, शिक्षार्थियों को परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि, समय और स्थल पर उपस्थित होने हेतु प्रेरित करेंगे। बैठक में डीईओ आदित्य ने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में शिक्षार्थी महा अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्व में ही सुनिश्चित कर लें। कोशिश करें कि परीक्षा तिथि को ही आकलन कर उसकी अगली तिथि को ही ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित हो।

## प्राकृतिक आपदा से हुई असामायिक मृत्यु पर वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग सारंगढ़ अंतर्गत 5 लोगों की प्राकृतिक आपदा से असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत एसडीएम सारंगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सारंगढ़ के ग्राम-खैरहा निवासी सोहनदास की 28 फरवरी 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी फूलबाई को 4 लाख रुपये, सिविल लाईन सारंगढ़ के विवेक कुमार की 5 अक्टूबर 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता रजनी को 4 लाख रुपये, ग्राम-कोसीर के लक्ष्मी सोनी की 11 अक्टूबर 2018 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता जाजराम सोनी को 4 लाख रुपये, ग्राम-बिरसिंगडीह के तुलसीबाई की 10 सितम्बर 2020 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर पुत्री ज्योति तिवारी को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-डोंगिया के कमला मानिकपुरी की 17 सितम्बर 2020 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता शंकरदास मानिकपुरी को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हितग्राही वेबसाईट में 12 अक्टूबर तक कर सकते है सर्वे के लिए डाटा अपलोड

**» आयोग के अध्यक्ष पटेल और सचिव साहू ने अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के संगठनों एवं प्रतिनिधियों से की चर्चा**

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण कर क्वांटीफायबल डाटा एकत्र करने के लिए गठित क्वांटीफायबल डाटा आयोग के अध्यक्ष सी.एल पटेल एवं सचिव बी.सी.साहू कल रायगढ़ दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, रायगढ़ में बैठक लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के संगठनों एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

क्वांटीफायबल डाटा आयोग के अध्यक्ष सी.एल.पटेल ने कहा कि शासन द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की गणना हेतु अधिसूचना एवं निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए एपीएल एवं बीपीएल परिवारों को बेस लाईन मानते हुए सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का कार्य ऑनलाईन किया जाएगा। जिसके लिए मोबाईल में एप डाउनलोड कर भी यह कार्य सरलता से किया जा सकता है। ओबीसी परिवारों के सर्वे के लिए सुपरवाईजर नियुक्त किए गए है। उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया है। ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं घोषणा पत्र भरकर जानकारी देनी होगी। इसकी जानकारी गूगल प्ले स्टोर से सीजीक्यूडीसी एप डाउनलोड कर जानकारी भर सकते हैं। जिसमें पिछड़ा वर्ग की पूरी 95 जाति खुल जाएगी, जिसमें उस व्यक्ति को एक जाति सलेक्ट करना होगा। तत्पश्चात अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी पात्र हितग्राही आवेदन भरें और अपने परिवार की जानकारी दें।

अध्यक्ष सी.एल.पटेल ने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा सही गणना की जा सके। डाटा का सत्यापन भी किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का डाटा देना है। गलत विवरण देने पर बाद में जांच की जाएगी। इसलिए सही डाटा अपलोड करें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि जनप्रतिनिधि एवं अन्य नागरिक 12 अक्टूबर तक क्वांटीफायबल डाटा आयोग जानकारी प्रेषित करेंगे।



क्वांटीफायबल डाटा आयोग के सचिव बी.सी.साहू ने बताया कि शासन स्तर पर सर्वे के लिए ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय, ग्राम पंचायत स्तरीय, नगरीय निकायवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। सभी नोडल अधिकारियों को इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1 सितम्बर से 12 अक्टूबर 2021 तक ऑनलाईन पंजीकरण एवं डाटा संग्रहण व सत्यापन का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 30 अक्टूबर तक पंचायतवार एवं वार्डवार सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने उपस्थित जनों को अपने संबोधन में कहा कि हमें इस कार्य को पूरी गंभीरता से एवं मिलकर करना होगा। गांव में कोटवार एवं मितानिन का भी सहयोग लें। इसके लिए प्रत्येक 100 व्यक्ति को जागरूक करें। सर्वे में अगर जो छूट गये है, उनका फिर से सर्वे करें। इस कार्य के लिए खुद जागरूक हो और लोगों को जागरूक करें। इस मौके पर उपस्थित समाज के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

बैठक में कृषक कल्याण परिषद के सदस्य नगेन्द्र नेगी, जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष तारा शर्मा, अवध पटेल, रमेश बेहरा, गौरी शंकर बेहरा, ताराचंद पटेल, जागेश्वर बेहरा, लाल कुमार पटेल, रामकुमार निषाद, घासीराम निषाद, प्रेमलता साहू, पार्षद संजय देवांगन, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, बी.बी.तिग्गा सहित जिले के सभी विभिन्न समाज के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480